प्रा।८९

# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना–800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, , बेबसाईट : bsea.bihar.gov.in, बेबसाईट : bseapatna@gmail.com

पटना/ दिनांक 16/03/2021

## अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/ नि० 1-02/2020 617 प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 77 दिनांक 11.01.2021 द्वारा **रोहतास जिला के तिलौथू प्रखंड अन्तर्गत हुरका पैक्स** के चुनाव हेतु कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। अधिसूचित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नामांकन, संवीक्षा, अभ्यर्थिता वापसी, प्रतीक आवंटन आदि की प्रक्रियाएँ संपन्न हो चुकी थीं। किन्तु प्रथम द्रष्टया संवीक्षा में अनियमितता पाये जाने के कारण उक्त पैक्स के चुनाव को प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 380 दिनांक 12.02.2021 द्वारा स्थगित किया गया था। अब हुरका पैक्स के स्थगित चुनाव को अधिसूचना संख्या 77 दिनांक 11.01.2021 के क्रम में संवीक्षा के कार्यक्रम से निम्नवत् निर्धारित किया जाता है :-

| क्र० | कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 23.03.2021 (मंगलवार) एवं 24.03.2021 (बुधवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बते अपराह्न तक |
| 2. | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 26.03.2021 (शुक्रवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बते अपराह्न तक |
| 3. | मतदान की तिथि | 03.04.2021 (शनिवार) |
| 4. | मतगणना की तिथि | 03.04.2021 (मतदान के तुरन्त पश्चात्) |

2. उक्त निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में हुरका पैक्स के मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार ढोल पिटवाकर एवं सरकारी भवनों पर इश्तेहार आदि चिपकाकर किया जायेगा। **दिनांक 26.03.2021 तक इसका अनुपालन प्रतिवेदन निर्वाचन पदाधिकारी प्राधिकार को भेजेंगे।**

3. **मतदान का समय 06:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक होगा।** निर्वाचन पदाधिकारी मतदान की तिथि को मतदान प्रतिशत एवं मतगणना की तिथि को प्रपत्र- ई० 18 में निर्वाचित सदस्यों की सूची फैक्स (0612-2231562) तथा ई-मेल (bseapatna@gmail.com) द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

4. **निर्वाचन पदाधिकारी मतगणना के अगले दिन प्राधिकार के वेबसाईट http://bsea.bihar.gov.in पर प्रपत्र- ई० 18 से संबंधित सूचनाओं की प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मतगणना के तीन दिनों के भीतर अंतिम मतदाता सूची (अद्यतनीकरण के पश्चात्) भी प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड करायेंगे।**

5. उक्त अधिसूचना की शेष बातें यथावत रहेंगी।

16.3.21

(रंजना कुमारी)
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक : 617 पटना/ दिनांक 16/03/2021

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

16.3.21

संयुक्त सचिव।

कृ०पृ०उ०

ज्ञापांक : ...617...... पटना/ दिनांक 16/03/2021

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, पटना/ जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), रोहतास/ पुलिस अधीक्षक, रोहतास/ उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स० स०), रोहतास/ जिला सहकारिता पदाधिकारी, रोहतास/ अंचलाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), तिलौथू को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16.3.21

**संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक : ...617...... पटना/ दिनांक 16/03/2021

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16.3.21

**संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक : ...617...... पटना/ दिनांक 16/03/2021

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16.3.21

**संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक : ...617...... पटना/ दिनांक 16/03/2021

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ संयुक्त सचिव/ प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16.3.21

**संयुक्त सचिव।**